


## नौकरी केंद्रों और भर्ती केंद्रों की पूछताछ के लिए टेलीफोन नंबर

| | |
|---|---|
| **Admiralty Job Centre** | 2591 1318 |
| **North Point Job Centre** | 2114 6868 |
| **Kowloon East Job Centre** | 2338 9787 |
| **Kowloon West Job Centre** | 2150 6397 |
| **Kwun Tong Job Centre** | 2342 0486 |
| **Shatin Job Centre** | 2158 5553 |
| **Sheung Shui Job Centre** | 3692 4532 |
| **Tsuen Wan Job Centre** | 2417 6197 |
| **New Territories West Job Centre** | 2463 9967 |
| **Tung Chung Job Centre** | 3428 2943 |
| **Recruitment Centre for the Catering Industry** | 3847 7600 |
| **Recruitment Centre for the Retail Industry** | 3847 7611 |
| **Construction Industry Recruitment Centre** | 3428 3303 |

रोजगार सेवा हॉटलाइन का टेलीफोन नंबर:

**2969 0888**

संवादात्मक रोजगार सेवा की वेबसाइट:

**https://www.jobs.gov.hk**

4/2025

勞工處
Labour Department
(Hindi Version)

# नौकरी चाहने वाले जातीय अल्पसंख्यकों के लिए रोजगार सेवा गाइड














श्रम विभाग (LD) नौकरी तलाशने वालों को नौकरी खोजने में मदद करने के लिए व्यापक और नि:शुल्क रोजगार सेवाएँ प्रदान करता हैI हमारी सेवाएँ चीनी और अंग्रेजी दोनों में संचालित की जाती हैंI अगर आप इन भाषाओं में से कोई भी भाषा नहीं बोलते हैं, तो हम आपके लिए व्याख्या सेवा की व्यवस्था कर सकते हैंI

यदि आप नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो अपनी आवश्यकताओं के सर्वाधिक अनुकूल रोजगार सेवाओं का पता लगाने के लिए यह मार्गदर्शिका देखेंI

## नौकरी के कें द्र

हम क्षेत्र में 10 नौकरी केन्द्र के एक नेटवर्क का संचालन करते हैंI नौकरियं क खजने के लिए इनमें से कसी भी केंद्र पर आने और निम्नलिखित सुविधाओं का उपयग करने के लिए हम आपका स्वागत करते हैं:

- आपके रिज्यूम को तैयार करने के लिए रिज्यूम-निर्माण सॉफ्टवेयर वाले कंप्यूटर
- नियोक्ता को अपना रिज्यूम और आवेदन पत्र फैक्स या ईमेल करने के लिए इंटरनेट कनेक्शन के साथ फैक्स मशीन और कंप्यूटर
- उपयुक्त रिक्तियों की खोज करने के लिए LD के विशाल रिक्ति डेटाबेस से जुड़े टच स्क्रीन रिक्ति खोज टर्मिनल
- नियोक्ताओं के साथ नौकरी का ऑनलाइन इंटरव्यू आयोजित करने के लिए उपकरण






## जातीय अल्पसंख्यक नौकरी चाहने वालों के लिए समर्पित रोजगार सेवाएँ

- **जातीय अल्पसंख्यक नौकरी चाहने वालों के लिए विशेष काउंटर और संसाधन के कोने**

आप विशेष काउंटर पर पंजीकरण सेवा, नौकरी खोज में LD की रोजगार सेवाओं और सुविधाओं का उपयोग करने में सहायता, नौकरी रेफरल सेवा और प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण पाठयक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैंI उपयोगी रोजगार जानकारी/ स्वयं सीखने के लिए संदर्भ सामग्री जैसे कि संदर्भ पुस्तकें, विभिन्न भाषाओं में शब्दकोश, नौकरी खोजने के सुझावों पर समाचार पत्र और पत्रिकाएं, और प्रशिक्षण और पुनः प्रशिक्षण पाठयक्रमों के बारे में पत्रक भी संसाधन कोने में उपलब्ध हैंI

- **वैयक्तिक रोजगार सलाहकार सेवा और गहन अनुवर्ती सेवा**

अपनी नौकरी की जरूरतों पर चर्चा करने, नौकरी खोजने की तकनीकों में सुधार करने, श्रम बाजार और प्रशिक्षण/पुनः प्रशिक्षण पाठयक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करने, और/या उचित रूप से कैरियर की योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए आप रोजगार अधिकारी के साथ भेंट कर सकते हैंI पंजीकृत जातीय अल्पसंख्यक नौकरी चाहने वालों के लिए गहन अनुवर्ती सेवाएँ भी प्रदान की जाएंगीI

- **रोजगार वार्ता**

इससे आपको मौजूदा श्रम बाजार की स्थिति को बेहतर ढंग से समझने और नौकरी के लिए इंटरव्यू तकनीकों में महारत हासिल करने में मदद मिल सकती हैI


- **नौकरी के मेले**

रोजगार केन्द्रों पर पूरे साल नौकरी के मेलों का आयोजन किया जाता हैI इसमें भाग लेने वाले नियोक्ता नौकरी चाहने वालों के साथ मौके पर साक्षात्कार आयोजित करेंगेI जातीय अल्पसंख्यक नौकरी चाहने वालों के लिए उपयुक्त रिक्तियों के साथ समावेशी नौकरी मेलों की नियमित रूप से व्यवस्था की जाएगी और निःशुल्क ऑन-साइट व्याख्या उपलब्ध हैI



- **नस्लीय विविधता रोजगार कार्यक्रम (RDEP)**

RDEP श्रम विभाग द्वारा गैर-सरकारी संगठनों (NGOs) के सहयोग से शुरू किया गया एक प्रोग्राम है जो कि नस्लीय अल्पसंख्यक नौकरी ढूंढने वालों को मामला प्रबंधन दृष्टिकोण के माध्यम से वन-स्टॉप रोजगार सहायता सेवाएँ प्रदान करने के लिए आरंभ किया गया है, ताकि उनकी रोजगार की क्षमता को बढ़ाया जा सके और कैरियर के विकास में सहायता की जा सकेI





## रोजगार के कार्यक्रम

योग्य नौकरी चाहने वाले निम्नलिखित रोजगार कार्यक्रमों में शामिल होने का चुनाव कर सकते हैं:

- **कार्य प्रशिक्षण योजना**

योजना में भाग लेने वाले संगठन प्रतिभागियों के लिए वास्तविक नौकरियों में एक महीने (30 दिन) के परीक्षणों की व्यवस्था करते हैंI जिन प्रतिभागियों ने अच्छे प्रदर्शन के साथ कार्य परीक्षण पूरा कर लिया है, इसमें भाग लेने वाले संगठनों को उन प्रतिभागियों को रोजगार प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता हैI

- **बुज़ुर्ग और मध्य आयु वर्ग के लिए रोजगार कार्यक्रम**

नियोक्ता कार्यक्रम के तहत 40 वर्ष या उससे अधिक आयु के बेरोजगार बुज़ुर्ग या मध्यम आयु वर्ग के नौकरी तलाशने वालों के लिए सलाहकार नियुक्त करेंगे और उन्हें नौकरी प्रशिक्षण प्रदान करेंगेI इससे प्रतिभागियों को नए रोजगार के माहौल के अनुकूल होने और आवश्यक नौकरी विशेष कौशल हासिल करने में मदद मिलेगीI कार्यक्रम के तहत किसी पूर्व पंजीकरण की आवश्यकता नहीं हैI

- **पुनर्नियोजन भत्ता पायलट योजना**

यह योजना 40 वर्ष या उससे अधिक आयु के बुजुर्ग और मध्यम आयु वर्ग के व्यक्तियों को लक्षित करती है, जो हांगकांग में लगातार तीन महीने या उससे अधिक समय से वेतन वाले रोजगार में नहीं हैंI जिन प्रतिभागियों ने लगातार छह महीने तक काम किया है, उन्हें $10,000 का अधिकतम भत्ता मिलेगा, जबकि जिन्होंने लगातार 12 महीने काम किया है, उन्हें $10,000 का अतिरिक्त अधिकतम भत्ता मिलेगाI

## खानपान उद्योग के लिए भर्ती केंद्र, खुदरा उद्योग के लिए भर्ती केंद्र और निर्माण उद्योग भर्ती केंद्र

भर्ती केन्द्रों में पूरे साल नौकरी मेले आयोजति कयि जाते हैI यदि आप संबंधति भर्ती केन्द्रों के अलावा खानपान, खुदरा या नर्िमाण उद्योगों में रोजगार लेने में रूचि रखते है, तो आप जॉब सेंटर, LD की इंटरएक्टवि एम्प्लॉयमेंट सर्वसि (iES) वेबसाइट या उसके मोबाइल एप्लीकेशन में नवीनतम नौकरी मेले की जानकारी भी देख सकते हैI फरि आप भर्ती नयिोक्ताओं के साथ ऑन-द-स्पॉट जॉब के इंटरव्यू के लिए अपॉइंटमेंट आरक्षति करने के लिए भर्ती केन्द्रों से संपर्क कर सकते हैI

## उच्च शिक्षा रोजगार समर्पित वेबपेज

उच्च शक्षिा प्राप्त नौकरी चाहने वाले उच्च शक्षिा रोजगार पर समर्पति वेबपेज (https://www.jobs.gov.hk/0/en/jobseeker/hee/) के माध्यम से नवीनतम स्थानीय रोजगार बाजार की जानकारी प्राप्त कर सकते है और उपयुक्त नौकरी की उपलब्धता को देख सकते हैI

## टेलीफोन रोजगार सेवा

यदि आप नौकरी केंद्रों या आईईएस(iES) वेबसाइट पर हमारी रोजगार सेवाओं के लिए पहले से ही पंजीकृत हैं, तो आप हमारे केंद्रों का दौरा करने के बजाए, टेलीफोन रोजगार सेवा हॉटलाइन 2969 0888 पर कॉल करके नौकरी रेफरल सेवा प्राप्त कर सकते हैंI यदि आवश्यक हो, तो हम मुफ्त टेलीफोन व्याख्या सेवाओं की व्यवस्था भी कर सकते हैंI

## संवादात्मक रोजगार सेवा वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन

आप नवीनतम नौकरी रिक्तियों की जाँच करने के लिए, हमारी रोजगार सेवाओं के लिए पंजीकरण करने के लिए, रोजगार सलाहकार सेवा के लिए आवेदन करने के लिए और LD की भर्ती गतिविधियों पर सबसे ताजा समाचार प्राप्त करने के लिए आईईएस (iES) वेबसाइट (https://www.jobs.gov.hk/EM) पर जातीय अल्पसंख्यक नौकरी तलाशने वालों के लिए समर्पित वेबपेज पर जा सकते हैंI आप किसी भी समय और कहीं भी अपने स्मार्टफोन या मोबाइल उपकरणों के साथ उपयुक्त रिक्तियों को देखने के लिए आईईएस (iES) मोबाइल एप्लीकेशन को डाउनलोड और उपयोग कर सकते हैंI